**खबर संक्षेप**

### 9 नवंबर को राष्ट्रीय दीपावली मिलन समारोह

**जुन्नारदेव।** संत भूरा भगत के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में एकता की अलख जगाने के उद्देश्य से संत भूरा भगत कतिया समाज जुन्नारदेव की एक महत्वपूर्ण बैठक आज संत भूरा भगत धाम, जुन्नारदेव (जिला छिंदवाड़ा) में श्रद्धा और उत्साह के माहौल में संपन्न हुई। बैठक में समाज के आराध्य संत भूरा भगत की स्थायी प्रतिमा स्थापना को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि आगामी 9 नवंबर 2025 (रविवार) को जुन्नारदेव समिति के बैनर तले राष्ट्रीय समन्वय समिति की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन अंशिका लॉन, जुन्नारदेव (जिला छिंदवाड़ा) में किया जाएगा। इस अवसर पर देशभर से समाज के प्रतिनिधियों, श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। समाज के शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।साथ ही समाज के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी–कर्मचारियों एवं वयोवृद्ध समाजजनों का भी सम्मान समारोह में किया जाएगा। सदस्यबैठक में संगठन के अध्यक्ष श्री राकेश बारसिया एवं सचिव श्री प्रदीप शिवबंसी ने कहा कि यह आयोजन समाज की एकता, समरसता और गौरव का प्रतीक बनेगा। श्री मनोज जोहरे, मोहन चंचल, श्री मनोज बेलवंशी, राजेश चौकसे, शिव बानवंशी, श्री सुनील ब्रम्हे, श्री लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी, श्री हरिशंकर बारसिया, श्री शरद शिववेदी, श्री दिनेश ढाकरिया सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समाज एकता का लिया संकल्पबैठक के अंत में सभी सदस्यों ने "संत भूरा भगत के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने, समाज की एकता व प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने" का संकल्प लिया।जुन्नारदेव (जिला छिंदवाड़ा) में होने वाला यह आयोजन संत भूरा भगत कतिया समाज के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है।

### किडनी फेलियर से मरने वाले बच्चों के पिता मौत की देते रहे जानकारी, सभी की आंखें भर आईं

# माँएं सिसकती रहीं, पिता दर्द बताते रहे, नाथ ने संजीदगी से सुनी मौत की दास्तान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

दवा समझकर जहरीला कफ सिरप अपने बच्चों को पिलाने वाली माँएं कमलनाथ और नकुलनाथ के सामने सिसकती रही , वहीं किडनी फेलियर से मरने वाले बच्चों के पिता मौत की दास्तान सुनाते रहे । सिसकियों से गमगीन हुए माहौल के बीच कमलनाथ और नकुलनाथ ने बड़ी संजीदगी के साथ परिजनों की पीड़ा सुनी ।

परासिया और छिंदवाड़ा जिले की अन्य विधानसभा क्षेत्रों में कफ सिरप पीने से हुई 22 बच्चों की मौत ने एक ओर जहां पूरे देश को झकझोर दिया है , वहीं नेता , मंत्री , जनप्रतिनिधि , समाजसेवियों का पीड़ितों से मिलने , उन्हें सांत्वना देने का सिलसिला लगातार जारी है । इसी क्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ रविवार को हेलीकाप्टर से परासिया पहुंचे । यहां वे कफ सिरप से फेल हुई किडनी के चलते मरने वाले बच्चों के पीड़ित परिजनों से मिले । उन्होंने बारी बारी परिजनों से उनका हाल जाना , कहां इलाज हुआ , क्या परेशानियां हुई वह जानकर भावविभोर हुए । श्री नाथ ने इस घटना को बड़ी त्रासदी बताया ।

उन्होंने कहा कि यह समय भाषण देने का नहीं है । यह समय बच्चों को न्याय दिलाने का है । जिसके लिए वे लगातार मुख्यमंत्री से चर्चा कर रहे हैं । उन्होंने परिजनों को बताया , कि मामले की जानकारी लगते ही उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी , नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को भेजा । श्री नाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इस विपदा की घड़ी में पीड़ितों और जिले वासियों के साथ होने की बात कही । कार्यक्रम में सभी पीड़ित परिवार , जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे , चौरई विधायक सुजीत चौधरी , सौंसर विधायक विजय चौरे , पांढुर्ना विधायक निलेश उइके , जामई विधायक सुनील उइके , परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि , जनपद उपाध्यक्ष जमील खान , पूर्व जनपद अध्यक्ष रईस खान , कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कमलराय , मानक बेलवंशी , नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया , भरत डेहरिया , अनुपमा राय , कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजेश डेहरिया , वीर बहादुर सिंह , समन्वयक बसंत मालवीय , इंटक सयुंक्त महामंत्री अलाउद्दीन खान सभी कोंग्रेसी पार्षद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### सब हो गया , तब आए नाथ

परिजनों से मिले के बाद 8 बार जिले के सांसद रहे और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया । सवाल किया गया , कि सांसद बंटी साहू का आरोप है , कि जिले में 22 बच्चों की मौत हो गई , इतना सब हो गया और अब श्री नाथ को पीड़ितों की याद आयी , इस सवाल पर श्री नाथ ने कहा कि , वे और उनकी पार्टी के नेता लगातार इस मामले में पीड़ितों से संपर्क में रहे , सरकार से बात करते रहे । उनके नेता पीड़ितों से मिले और जो हो सकता था वो मदद की । श्री नाथ ने पलटवार करते हुए कहा , कि श्री साहू को अगर पीड़ितों की चिंता है , तो सरकार से पीड़ितों को 50 - 50 लाख मुआवजा दिलवाएं ।

### और भी गिरफ्तारी की उठी मांग

कार्यक्रम में मौजूद परिजनों ने श्री नाथ को जहां - जहां उन्होंने इलाज कराया वह सब बताया । साथ ही कहा, कि डॉक्टर सोनी के अलावा दो और डॉक्टर्स ने भी इलाज किया है , उनको अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है ।

## 15 दिन पहले नयन की कोलड्रिफ से मौत का मामला

**पांढुर्ना।** पांढुर्ना प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मानवयी संवेदनशीलता की सारी हदें पार कर दी है। यह आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक निलेश उईके ने बताया कि उन्होंने कल 11 अक्तु को पांढुर्ना प्रशासन के वरिष्ट अधिकारियों को बताया था कि पलासपानी पंचायत के ग्राम बारिघाट निवासी एक बच्चे की 15 दिन पहले जहरीले कफ सिरप से मौत हो गई है, आप वहां जाकर पीडित परिवार से मिले और ग्राम के अन्य कोई पीडित तो नहीं है इसकी जानकारी लें। लेकिन आज 2 दिन बाद भी पांढुर्ना प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी या इनका कोई स्वास्थ्य दल ग्राम बारिघाट नहीं पहुंचा। विधायक निलेश उईके ने यहां के अधिकारियों पर स्वास्थ्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 27 सितंबर को नागपुर के अस्पताल में नमन पिता कृष्णा उईके आयु 8 की मौत कप सिरप के प्रयोग से हुई थी। नागपुर के डॉक्टरों ने बच्चे की किडनी फेल होने से मौत होना परिवारजनों को बताया था। इसके पूर्व मृतक बच्चा 4 दिन तक छिंदवाडा के सदैव नामक अस्पताल में भर्ती था। यहां पर बच्चे की हालत बिगडने पर परिजनों द्वारा उसे नागपुर ले जाया गया था।

## औषधियों की गुणवत्ता जांच के लिए लगातार की जा रही कार्रवाई



**छिन्दवाड़ा।** नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल द्वारा औषधि निरीक्षकों के विशेष जांच दल द्वारा छिंदवाड़ा में औषधियों की गुणवत्ता जांच के लिए सघन कार्रवाई की जा रही है। दल द्वारा दो दिवस में छिंदवाड़ा स्थित कई मेडिकल ऐजेंसीयों की जांच की गई है, जिसमें अग्रवाल औषधि भंडार-शिव ऑयल मिल कंपाउंड, शिव फार्मा, शिवहरे मेडिकल एजेंसी स्टेशन रोड, अग्रवाल एजेंसी स्टेशन रोड, खंडेलवाल मेडिकल स्टोर, श्री बालाजी फार्मा, लालनी ड्रग्स से परीक्षण के लिये कुल 49 कफ सिरप नमूने एकत्रित कर राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त विशेष जांच दल द्वारा मिलावटी औषधि "कोलड्रिफ कफ सिरप" बैच नंबर **SR**-13 की रिकवरी की कार्यवाही भी की गई। इस दौरान दल ने गत दिवस परासिया क्षेत्र के प्रभावित बच्चों के परिवारों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी एकत्र की । दल द्वारा निरंतर कफ सिरप सहित अन्य औषधियों के सैंपल एकत्र कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए भेजे जा रहे हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा निम्न गुणवत्ता या मिलावटी औषधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 एवं नियम 1945 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पूर्व में जिन मेडिकल स्टोर की जांच की गई थी तथा अनियमिताएँ पाई गई थी, उनमें से 7 मेडिकल स्टोर संचालाकों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं। मेडिकल स्टोर संचालकों के स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद उनके औषधि लाइसेंस को निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। छिंदवाड़ा जिले के सभी आम जन से अपील की जाती है कि उनके द्वारा कोलड्रिफ सिरप बैच नंबर **SR**-13 खरीदी की गई हो और घर में संग्रहित है तो उसका उपयोग न करें तथा प्रशासन को तुरंत सूचित करें।

## बच्चों की मौत के लिए राज्य की सरकार जिम्मेदार है- कमलनाथ

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का तीन दिवसीय दौरे पर विशेष वायुयान से छिन्दवाड़ा आगमन हुआ। अपार व असहनीय दुख की इस घड़ी में हवाई पट्टी पर भी गमगीन माहौल रहा, ना पुष्पगुच्छ ना पुष्पहार और ना ही नारेबाजी हुई। केवल संवेदनाएं प्रगट की गई। हवाई पट्टी पर उपस्थित मीडिया के साथियों के प्रश्नों के प्रत्युत्तर में कमलनाथ ने कहा बच्चों की मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। सरकार अपनी जिम्मेदारियां भूल चुकी। दवाइयों की जांच नहीं हुई और ना जाने कितनी दवाइयों की अभी भी जांच नहीं हो रही। सरकार और उसके नियामक निकाय केन्द्रिय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की जिम्मेदारी है कि जनता के बीच दवा पहुंचे ना कि दवा के रूप में जहर। दवाइयों की नियमित व सतत जांच हो रही होती तो यह नौबत नहीं आती। ना ही बच्चों की असमय मृत्यु होती। प्रदेश सरकार के द्वारा पीड़ति परिवारों को दी गई 4-4 लाख रुपयों की राशि पर कमलनाथ ने कहा कि मेरी सीएम से सतत रूप से बात हो रही है। सीएम और सरकार को और भी कुछ करना चाहिए। मुझे जो करना है वह मैं करूंगा। हवाई पट्टी से कमलनाथ एवं नकुलनाथ पीड़ति परिवारजनों से मिलने परासिया पहुंचे।

### शोकाकुल परिजनों के बीच पहुंचे पूर्व सीएम कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ शोकाकुल परिजनों के बीच पहुंचे। जहरीले कफ सिरप से जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों का दुख-दर्द सुन नेताद्वय की आंखें भर आई। कमलनाथ ने कहा कि इस दर्द का सामना करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था, भीड़ नहीं बढ़ाना चाहता था। एक तरह से तसल्ली भी हुई सभी की बात सुनकर। परासिया पहुंचे पूर्व सीएम कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने सर्वप्रथम दिवंगत बच्चों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहन दुख व्यक्त किया।

## विजयदशमी एवं शताब्दी वर्ष पर एक दर्जन से अधिक बस्तियों में हुआ पथसंचलन

**हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी पर्व के पावन अवसर पर नगर की गुलाबरा बस्ती, संकट मोचन बस्ती, मोहन नगर बस्ती,चंदनगांव बस्ती, श्रीराम बस्ती, शुक्लुढाना बस्ती, परतला बस्ती,सत्यम शिवम बस्ती, खजरी बस्ती, लोनिया बस्ती,लालबाग बस्ती,सहित लगभग 12 से अधिक बस्तियों में एक ही दिन पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। गुलाबरा बस्ती में जिला संघ चालक संजय जी बैस मुख्य अतिथि अमर सिंह राठौड़ प्राचार्य शासकीय कॉलेज चांद तथा खजरी बस्ती में विभाग प्रचार प्रमुख अमोल डाबली मुख्य वक्त के रूम में उपस्थित थे।सभी बस्तियों में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन, उत्साह और एकता के साथ संगठित रूप से पथ संचलन में भाग लिया। प्रत्येक बस्ती में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर स्वयंसेवकों एवं नागरिकों को संबोधित किया। वक्ताओं ने संघ के शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में संगठन, सेवा और राष्ट्रनिष्ठा की भावना को जागृत रखने का आह्वान किया।



पथ संचलन मार्ग में स्थान-स्थान पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम शालीनता एवं अनुशासन का प्रतीक रहा।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ऐसे अनेक आयोजन वर्षभर चलते रहेंगे, जिनका उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन, संगठन एवं समरसता की भावना को सुदृढ़ करना है। मुख्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष केवल संगठन का उत्सव नहीं, बल्कि समाज जागरण का पर्व है।

## 846 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा और 100 दिवसीय स्वास्थ्य और संकल्प जैसे कार्यक्रम समाज के कमजोर हर वर्गों तक सहायता पहुंचाने और जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। यही संदेश लेकर उमरेठ के दूरस्थ ग्राम खमरा में आयोजित 26 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने यह बात कही। इस दौरान उन्होने लोगों को 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला के तहत आयोजित इस शिविर में आए मरीजों से स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। उपस्थित जनसमुदाय को मोदी सरकार द्वारा की जा रही सेवा, सहयोग एवं समर्पण रूपी कार्यों से अवगत कराया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने यह बात कहा कि जिले में बने पूर्व सांसद सिर्फ हेलीकॉप्टरों, हवाई जहाजों और एशोआराम करने के लिए बने थे। उन्होंने सिर्फ जिलेवासियों का शोषण किया है। जिले की जनता ने उन्हें उच्च पदों पर आसीन किया, लेकिन उन्होंने जिलेवासियों को कुछ नही दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और सहयोग से मेरे ढेड़ वर्ष के कार्यकाल में ही छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा में करोड़ो के विकास कार्य स्वीकृत किये जाकर प्रारम्भ भी कर दिये गये है। भाजपा सरकार के सहयोग से दोनों जिलो में ट्रपल इंजन की सरकार काम कर रही है। विकास की यह रफ्तार आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि स्वस्थ समाज ही स्वस्थ राष्ट्र की नींव है। उनकी इस मंशा को फलीभूत करने सरकार बहुतेरे प्रयत्न कर रही है। इसी क्रम में 100 दिवसीय स्वास्थ्य और संकल्प के तहत छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा में स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे है। सांसद श्री साहू ने शिविर में लोगों से चर्चा कर उनसे स्वास्थ लाभ लेने की अपील की, वहीं चिकित्सकों से क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी भी ली। शिविर में 846 मरीजों का उपचार हुआ।

## कमलनाथ ने सजाया दरबार, मृतक बच्चों के परिवारों का किया अपमान : साहू

### पीड़ितों से मिलने जाने के बजाय उन्हें फरियादी की तरह अपने दरबार बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



अपने रुतबे, घमंड और अहंकार के मद में चूर जिल्लेइलाही शेख कमलनाथ की निष्ठुरता से आम जन भली भांति परिचित है। आसमान पर उड़ने का ऐसा अंधा अभिमान की उन्हें जमीन पर चलने वाले इंसान कीड़े मकोड़े ही नज़र आते हैं। यह कहना है संवेदनशील सांसद श्री बंटी विवेक साहू का।

सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने मीडिया से बातचीत के दौरान मासूम बच्चों की मौत पर व्यथा जताते हुए जिल्लेइलाही शेख कमलनाथ के दंभ, दर्प और घमंड पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा है कि शेख कमलनाथ जिल्ले इलाही की तरह दरबार सजाते हैं, और जनता को फरियादी की तरह बुलाते हैं। वे कभी भी, किसी भी घटना में पीड़ित व्यक्ति से मिलने उस तक नहीं पहुंचे। पत्रकार वार्ता में सांसद श्री साहू ने कहा कि जिल्लेइलाही शेख कमलनाथ के रुतबे रूपी अकड़ की रस्सी तो जनता ने जला दी, लेकिन उनकी ऐंठन अभी तक नहीं गई । जनता के हर दुख दर्द के सहभागी सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा है कि शेख कमलनाथ की शेखी ने निर्लज्जता, और मर्यादा की सारी हदें ऐसी लांघी की उन्होंने जिल्ले इलाही की तरह दरबार सजाया और पीड़ति परिवारों के सिर पर हाथ फेरकर दुख की इस विकराल घड़ी में उन्हें दिलासा देने के बजाय उन्हें ही अपने दरबार में फरियादी बना दिया।

श्री साहू ने कहा है कि बेशर्मी की हद तक जाकर मानवीय संवेदनाओं से परे दरबारी चाटुकारों ने जिल्ले इलाही शेख कमलनाथ के दरबार में उन पीड़ति परिवारों को फरियादी की तरह पेश किया। भगवान समान जनता को जलील करने का कृत्य जिल्लेइलाही शेख कमलनाथ द्वारा हमेशा से ही किया जाता रहा है। अपने मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत से रोते बिलखते पीड़ति परिवारों को उम्मीद थी कि जिस इंसान को अपना समर्थन देकर सफलता के शिखर पर पहुंचाया। वो इस मुसीबत में उनके साथ खड़ा होगा।

## महापौर ने जन अभियान परिषद् के विद्यार्थियों से की मुलाकात

### कर्मयोगी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन पर दिया विशेष जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम सिंह अहके ने आज जन अभियान परिषद् के विद्यार्थियों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की, जिसमें उन्होंने युवाओं को समाज सेवा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिसमें परिषद के विद्यार्थी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। महापौर अहके ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "आप सभी युवा शक्ति हैं, और आपके प्रयासों से ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सकता है। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब वे सही लोगों तक पहुंचें।"

महापौर ने इस अवसर पर तीन प्रमुख योजनाओं धरती आबा योजना, प्रधानमंत्री जन मन योजना एवं आदि कर्मयोगी योजना का उल्लेख करते हुए इनके उद्देश्यों और लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालाः धरती आबा योजनाः आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही यह योजना भूमि अधिकार, आवास और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सहयोग प्रदान करती है।

## 13 और 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर छूटे हुये बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो की दवा

# बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की, पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का आयोजन आज 12 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया गया जो कि 14 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।

इस अवसर पर आज छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने जिला अस्पताल के गेट नंबर-03 में बने पोलियो बूथ में बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवाई पिलाई और जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया । इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एल.एन.साहू एवं स्टाफ उपस्थित था । अभियान के अंतर्गत जिले एवं सभी विकासखण्डों के स्वास्थ्य संस्थानों एवं बूथों पर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के क्रियान्वयन के लिये जिले के सभी विकासखण्डों में खण्ड चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा ब्लॉक के सभी ग्रामों में आशा, शहरी ऊषा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ए.एन.एम., एम.पी.डब्ल्यू एवं अन्य मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से जिले के 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियों की दो बूंद दवाई पिलाई गई। सभी मैदानी अमलों को प्रशिक्षण प्रदान कर, अभियान के सफल संचालन के लिये 0 से 5 वर्ष के कुल 2,71,236 बच्चों को पालियो की दो बूंद दवाई पिलाये जाने के लिये जिले में कुल 2,189 बूथ बनाये गये हैं, जिसमें ड्यूटीरत कर्मचारियो के कार्यो का सपोर्टिव सुपरविजन के लिये 261 सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई गई हैं। अभियान के पहले दिवस पर आज 12 अक्टूबर को लक्ष्य के अनुसार 222414 (82%) बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई तथा दूसरे एवं तीसरे दिन (13 एवं 14 अक्टूबर 2025) को घर-घर सर्वे के दौरान छूटे हुये 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जायेगी। साथ ही जिले में चिन्हित हाई रिस्क एरिया जैसे- ईंट भट्टे निर्माण स्थल, मेला स्थल, झुग्गी झोपड़ी, घुमक्कड़ आबाद स्थान इत्यादि क्षेत्रों में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा सर्वे के दौरान भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी।

सी.एम.एच.ओ. डॉ.गोन्नाडे ने 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों के अभिभावकों से अपील की हैं कि वे पल्स पोलियों अभियान के अंतर्गत घर-घर पहुंचकर पोलियों की दवा पिलाने वाले मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपना पूर्ण सहयोग देते हुये अपने बच्चों को पोलियों की दवा अनिवार्य रूप से पिलायें, ताकि पोलियों जैसी घातक बीमारी से अपने बच्चों को सुरक्षित किया सके एवं पोलियों मुक्त भारत बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

## संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में पाया स्थान



**सौंसर।** रविवार को पंडित लज्जाशंकर मॉडल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर में बीते 8 अक्टूबर को आयोजित संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय सौसर के वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।वरिष्ठ वर्ग के सुगम संगीत वर्ग में प्रतिज्ञा प्रकाश टेंबे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नृत्य नाटिका में अक्षिती अमित शुक्ला और साथियों की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। लोकगीत श्रेणी में एंजेल तूरस्या डोंगरे और साथियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा, उपप्राचार्य संजय गवनेकर, बाल रंग प्रभारी श्रीमती कल्पना मानकर, मार्गदर्शक श्रीमती कुसुम पवार एवं समस्त स्टाफ ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

## चौरई में शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आरएसएस ने निकाली रैली, धर्म की रक्षा और आत्मरक्षा का दिया संदेश

# स्वयंसेवकों ने राष्ट्र गौरव, राष्ट्रीय एकता और सनातन धर्म की रक्षा का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आरएसएस ने किया पथ संचलननगर चौरई में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चौरई नगर में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न चौराहों से पथ संचलन कर स्वयं सेवकों ने राष्ट्र गौरव, राष्ट्रीय एकता, सनातन धर्म की रक्षा और आत्मरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों के द्वारा शास्त्र पूजन कर किया गया मुख्य वक्ता द्वारा अपने उद्बोधन मे कहा गया की शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयं सेवक में नई उर्जा व दायित्व का बोध करा रही है। राष्ट्रीय सेवक संघ ने 2025 में अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए।उन्होंने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन इसकी स्थापना की थी। वर्तमान में भारत सहित कई देशो में एक करोड़ से अधिक स्वयंसेवक मां भारती की सेवा के प्रति समर्पित हैं। समाज में राष्ट्र प्रेम व धर्म निष्ठा की भावना जागृति करना हमारा लक्ष्य है।

## सिंगोड़ी में स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**सिंगोड़ी**: रविवार को सिंगोड़ी मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आयोजित किया गया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में स्वयं सेवक अनुशासन के साथ घोष वादकों की मधुर ताल में कदम से कदम मिलकर चलते नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन नई आबादी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मनीष पांडे प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि इस शताब्दी वर्ष विशेष पर पंच परिवर्तन से समाज में होने वाले परिवर्तनों देश की एकता अखंडता को अच्युत बनाए रखने देश और समाज को स्वदेशी जागरण के साथ पर्यावरण संरक्षण के मंत्र को साधना पड़ेगा तब जाकर देश का भावी भविष्य से होगा। वही आगे कहा की हिंदुत्व जीवन जीने की कला है हिंदुत्व ही देश को परम वैभव के शिखर पर पहुंचा सकता है।मुख्य अतिथि के रूप में सिंगोड़ी विद्युत मंडल के सब इंजीनियर कृतार्थ श्रीवास्तव ने अपने जीवन और व्यवहार में संघ के प्रवेश का विषय रखा उन्होंने कहा कि मैं मेरा परिवार समाज से भी ऊपर हमारा राष्ट्र है जिसके लिए स्वयं सेवक दिन रात कार्य कर रहे हैं। इस दौरान गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि नेतागण एवं व्यापारीगण तथा सैकड़ो नवयुवकों के साथ कॉलेज विद्यार्थियों युवा व्यवसाईयों, नेता गणों के द्वारा कदम से कदम मिलाकर संचलन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु चौकी प्रभारी पंकज राय सहित पुलिस बल शामिल रहा।



## महाविद्यालय में स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में अंतर कक्षा महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार 13 अक्टूबर से किया जा रहा है। 13 अक्टूबर को युवा उत्सव के उद्घाटन सत्र के उपरांत युवा उत्सव के संगीतिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रूपांकन पक्ष की विभिन्न 22 विधाओं में विद्यार्थी अपने हुनर की छाप छोड़ेंगे। महाविद्यालय स्तर पर 13, 14 एवं 15 अक्टूबर को तीन दिवस या युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा महाविद्यालय स्तर पर विजयी प्रतिभागी जिला स्तर के लिए चयनित होंगे जहां पर वह अपने प्रतिभा दिखाएंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ रीना मेश्राम ने महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त नियमित छात्र-छात्राओं से युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने एवं आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## 0 से 5 वर्ष के बच्चों ने पल्स पोलियों की दवा



**जुन्नारदेव।** पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को जुन्नारदेव नगर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। आंगनवाड़ियों में दो बूंद जिंदगी की अभियान के अंतर्गत दवा पीने के लिए सैकड़ो की संख्या में बच्चे पहुंचे नगर के वार्ड क्रमांक 01 पुरानी बस्ती में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमलता साहू एवं सहायिका सकुन टांडेकर द्वारा एवं वार्ड क्रमांक 02 में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गेश नंदिनी एवं सहायिका सविता साहू द्वारा पोलियो की दवा पिलाई गई। देर शाम तक नगर में समस्त आंगनबाड़ी केदो में पोलियो की दवा बच्चों को पिलाई गई।

# स्वच्छता का संकल्पः श्रमदान से बदलाव की शुरुआत

**छिंदवाड़ा।** रविवार के शुभ दिन नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 2, व्ही.आई.पी. रोड क्षेत्र में स्वच्छता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत स्वच्छता टीम द्वारा क्षेत्र की साफ-सफाई की गई और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में नगर पालिक निगम के माननीय महापौर विक्रम आहके, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, स्वच्छता चैंपियन श्रीमती मीरा पराड़कर सहित आयशा लोधी एवं बड़ी संख्या में समाज सेवी उपस्थित रहे, जिनके साथ शहर के कुछ सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं (**NGOs**) ने भी श्रमदान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी को स्वदेशी, नशा मुक्त भारत सहित स्वच्छता की शपथ दिलाई।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ, हरित और सुंदर छिंदवाड़ा के निर्माण हेतु नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर सभी का कहना था कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही अपने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सकता है।



## कलेक्टर वशिष्ठ पहुंचे परिजनों के साथ बेरडी मंदिर

**सौंसर।** ग्राम बेरड़ी में संपन्न हुई अखंड हरी नाम सप्ताह के समापन एवं महाप्रसाद जिले के कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने अपने परिवार सहित पधारे। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने परम भक्तिभाव के साथ भगवान श्री विठ्ठल और माता रुक्मिणी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की।इस दौरान मंदिर परिसर "जय हरि विठ्ठल,जय जय विठ्ठल" के गगनभेदी जयघोषों से गूंज उठा। इस दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विठ्ठल मंदिर की परिक्रमा करते हुए परिसर की स्वच्छता, व्यवस्थाओं और चल रहे धार्मिक आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि "बेरडी का विठ्ठल मंदिर केवल एक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि यह समाज में प्रेम, एकता और धर्मनिष्ठा का संदेश देता है।"मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ विठ्ठल मंदिर कमेटी से जुड़े राधेश्याम सुधा के द्वारा कलेक्टर श्री वशिष्ठ एवं उनके परिजनों का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत एवं सत्कार किया। इस दौरान समिति द्वारा विठ्ठल नामस्मरण और हरिकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।अखंड हरि नाम सप्ताह एवं श्रीमद् भागवत कथा आयोजन से जुड़े राधेश्याम सुधा ने बताया कि प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से प्रशासनिक,पुलिस, सामाजिक,धार्मिक और ग्रामवासियों के मिले अभूतपूर्व सहयोग से विशाल आयोजन सफल हो पाया है। मंदिर कमेटी सभी दानदाताओं एवं सहयोग कर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करती है।



**नगर पंचायत मोहगांव हवेली ने संभाली सफाई व्यवस्थाः** बेरडी में लगातार सप्ताह भर चले अखंड हरी नाम सप्ताह एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान साफ सफाई एवं स्वच्छता बरकरार रखने की जिम्मेदारी नगर पंचायत मोहगाव हवेली के सफाई कर्मचारियों के कंधे पर थी। नगर पंचायत मोहगांव हवेली के अध्यक्ष संदीप दादू घाटोडे ने बताया कि आयोजन में साफ सफाई रहे एवं दुरदराज से आने वाले भक्तो को किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था ना हो इस उदेश को लेकर नगर पंचायत मोहगाव हवेली के 38 सफाई कर्मचारियों की यहां पर तैनाती की गई थी जिसमें सफाई कर्मचारियों के द्वारा निरंतर नगर को स्वच्छ सुंदर रखने के लिए सफाई की जा रही थी। वही नगर पंचायत मोहगांव हवेली की ओर से निरंतर पेयजल शौचालयो आदि की व्यवस्था बनाई गई थी। नगर पंचायत मोहगांव हवेली केकर्मचारियों के द्वारा निरंतर साफ सफाई के ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने को लेकर आयोजन कमेटी की ओर से आभार व्यक्त किया गया है।

## आईआईटी, जेईई, नीट कोचिंग क्लास के लिए मिलेंगी स्कॉलरशिप

**जुन्नारदेव** : एनटीएस परीक्षा के सफल विद्यार्थियों को इंजीनियर डॉक्टर कलेक्टर एसडीएम तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी बनाने के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा मिल का पत्थर साबित होगी। इस परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को अपना करियर बनाने के लिए देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों कोचिंग सेंटर में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।राष्ट्रीय प्रतिभा खोज की परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को संपूर्ण भारत देश में एक साथ 1200 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी।यह परीक्षा कक्षा आठवीं नौ वीं दसवीं से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स मुम्बई के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भारत भर के 400 से अधिक जिलों के 02 लाख से अधिक छात्रों के शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को आईआईटी-जेईई/नीट कोचिंग छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2025 है। **Register as Exam Centre:www.tinyurl.com/AMP-NTS**-2025एनटीएस 2024 परीक्षा के बारे में अधिक जानकारी यहां उपलब्ध हैः **www.ampindia.org/National talent search** एनटीएस 2025 उपरोक्त जानकारी परीक्षा के पर्यवेक्षक मयंक साहू उड़ान पब्लिक स्कूल एवं परीक्षा केंद्र मदरसा मोहम्मदिया के प्रभारी मोहम्मद ताहिर जुन्नारदेव ने दिया।

### 35 लीटर कच्ची शराब बरामद कर नष्ट किया गया

## कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई, रिसेवाड़ा के जंगल में छापा



हरिभूमि न्यूज लांजी।

12 अक्टूबर को रिसेवाड़ा के जंगल में रजेगांव एवं लांजी के कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा कच्ची शराब बनाने का अड्डा नष्ट किया गया। इस कार्रवाई में 35 लीटर कच्ची शराबए 8 नग कर्चीए 30 नग ड्रम महुआ लाहन भरे हुए और 4 नग खाली कुल 34 ड्रम बरामद किए गए। इस कार्रवाई में पूरी टीम का सहयोग सराहनीय रहा। टीम ने कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण को रोकने की कोशिश की। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिससे क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके। बांदा कपंनी द्वारा अवैध शराब के खिलाफ सख्ती से निपटने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आज की कार्रवाई में बड़ी मात्रा में कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### हनुमान मंदिर व बाबा रामदेव मंदिर में की पूजा पाठ

## सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** अखंड सौभाग्य का महापर्व करवा चौथ पूरे देश में सुहागिन महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी करक चतुर्थी को मनाये जाने वाले इस पर्व पर विवाहित स्त्रियाँ पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं अपने सौभाग्य हेतु निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं और उदय उपरांत चंद्रमा को अघ्र्य अर्पित कर भोजन करती हैं।

करवा चौथ के अवसर पर वारासिवनी नगर सराफा बाजार में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में महिलाओं द्वारा करवा चौथ धार्मिक विधि विधान के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत धारण कर भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश सहित चंद्रमा की विशेष पूजा अर्चना की। इसके अलावा सुहागिन व्रतधारी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर के पुजारी पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा ने पूरे विधि विधान से करवा चौथ की पूजा अर्चना व आरती संपन्न करवाई।

इस अवसर पर नगर के बाबा रामदेव मंदिर सहित कई स्थानों पर सामूहिक रूप से माता करवा की कथा का वाचन कर माँ करवा की विशेष आराधना की गई। रात को चंद्रोदय के बाद छलनी में चांद और अपने सुहाग का चेहरा देखकर पति के हाथों जल ग्रहण कर महिलाओं ने व्रत खोला। अखंड सौभाग्य के इस व्रत को लेकर नगर की महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी के दिन अपने पति की दीर्घायु जीवन के लिए सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ व्रत रखा जाता है। इसमें श्री गणेश जी, महाराज कार्तिकेय जी, भगवान शंकर, माता पार्वती और करवा चौथ का पूजन किया जाता है और पूजन के बाद ही चंद्रोदय दर्शन कर उसे अघ्र्य देने के बाद फिर अपने-अपने व्रत को पूर्ण करती है।

### जनता के टैक्स की राशि को अभी भी उड़ाया जा रहा

## नगरपालिका ने उड़ाई आदेशों की धज्जियाँ

### दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी की नियुक्ति पर प्रतिबंध के बावजूद नपा में की गई नियुक्तियाँ




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी में वर्ष 2000 से पदस्थ पदाधिकारियों व अधिकारियों ने शासन के आदेश की जमकर धज्जियाँ उड़ाई है। शासन के आदेश की धज्जियाँ उड़ाने का कार्य वर्तमान में भी चल रहा है। जिसके कारण नगरपालिका परिषद को लाखों रुपये की क्षति प्रतिमाह उठानी पड़ रही हैं और उसकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई। परिणामस्वरुप नगरपालिका के कर्मचारियों को दो-दो, तीन-तीन महिनों तक वेतन तक नहीं दिया जा रहा हैं।

**28 मार्च 2000 को जारी हुआ था आदेशः** हम जिक्रम कर रहे हैं मध्यप्रदेश शासन द्वारा 28 मार्च 2000 में जारी किए गए आदेश की। जिसमें शासन ने सभी विभागों सहित निगमों, निकाय, मण्डलों तथा सार्वजनिक उपक्रमों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी रखने में पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद नगरीय निकायों में नियुक्तियां होती रहे। जिस पर पिछले 25 वर्षो से शासन के उच्च पदों पर बैठे हुए किसी भी अधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

**25 वर्ष बाद खुली शासन के अधिकारियों की नींदः** लेकिन 25 वर्षो बाद शासन के आर्थिक संकट में फॅसने के बाद वर्तमान डॉ. मोहन यादव की सरकार के अधिकारियों की नींद खुली हैं और नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुये नगर निगम के आयुक्तों और परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी कर उनसे पूछा हैं कि यह नियुक्तियां किस आधार पर की गई, इन्हें वेतन किस मद से दिया जा रहा है इस संबंध में शासन से अनुमति ली गई है या नहीं, इनकी नियुक्ति के तत्समय कौन अधिकारी पदस्थ था? इस संबंध में 25 अक्टूबर तक जानकारी प्रेषित की जानी है।

**कांग्रेस व भाजपा के शासन काल में हुई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्तियाँः** यहाँ उल्लेखनीय है कि 28 मार्च 2000 को नगरपालिका परिषद वारासिवनी में कांग्रेस की सरकार थी, उसके बाद 2004-05 से 2009-10 तक भाजपा के डॉ. योगेन्द्र निर्मल, 2009-10 से 2014-15 तक कांग्रेस की श्रीमती स्मिता जायसवाल, 2014-15 से 2019-20 तक कांग्रेस के विवेक विक्की पटेल अध्यक्ष के रुप में पदस्थ रहे और उसके बाद वर्ष 2020 से 2 वर्षो तक प्रशासक कार्यकाल चला, जिसे एसडीएम वारासिवनी ने पदभार सम्हाला था।

**नेताओं ने अपने पसंद के लोगों को दी नियुक्तियाँः** इन 25 वर्षो में नगरपालिका परिषद वारासिवनी में बैठे हुए पदाधिकारियों और प्रशासकों ने अपने मनपसंद लोगों की दैनिक वेतनभोगी के रुप में नियुक्ति प्रदान कर शासन के आदेशों की खुली अवहेलना की है। इन नियुक्तियों में राजनीतिक हस्तक्षेप विशेष रुप से रहा है। जिसके कारण पार्षदों के रिश्तेदार, परिषद में कार्यरत कर्मचारियों के रिश्तेदार, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिश्तेदारों सहित नेताओं के खास कार्यकर्ताओं व चाटुकारों के रिश्तेदारों को परिषद में दैनिक वेतनभोगी के रुप में नौकरी दी गई। जिनमें से कई नेताओं, अधिकारियों, नेताओं के खास लोगो, पार्षदों के घरों में अपनी सेवायें देने के साथ ही कुछ लोग तो कार्यालय आकर काम भी नहीं करते हैं। लेकिन उनका वेतन उन्हें घर बैठे दिया जा रहा हैं।

**कुछ दैनिक वेतनभोगियों को परमानेंट भी करवा दियाः** यह प्रक्रिया सिर्फ इतने में ही नहीं थमी हैं, इनमें से कुछ दैनिक वेतनभोगियों को नियमों के विपरीत जाकर स्थायी (परमानेंट) भी करवा दिया गया हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में लगभग 175 कर्मचारी दैनिक वेतनभोगी के रुप में कार्यरत हैं। परिषद द्वारा इनकी दैनिक उपस्थिति पृथक से संधारित भी नहीं की जाती है और इन्हें सीधे मस्टररोल में उपस्थिति दर्शाकर उन्हें वेतन प्रदाय किया जा रहा है।

इतना ही नही जिनको दैनिक वेतनभोगी के रूप में रखा गया हैं, उनमें से अधिकांश अन्य जगहों पर काम कर है और वेतन नगरपालिका से ले रहे हैं। कुछ लोग काम पर आते ही नही, तो कुछ लोग बस में टिकिट काटने का काम रहे, तो कुछ केटरिंग में खाना बनाने के काम लगे है।

परिषद में एक ही परिवार के अनेक लोगों को दैनिक वेतनभोगी के तौर पर रखा गया है, जो बिना काम पर आये, उनकी उपस्थिति दिखाकर उन्हें स्थायी श्रमिक के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। इस प्रकार प्रतिमाह नगरपालिका से बिना काम पर आये वेतन लेकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

नगरपालिका परिषद वारासिवनी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने इस संबंध में विभागीय निर्देश प्राप्त होने की पुष्टि करते हुये कहा कि सन 2000 के बाद नियुक्त किये गये दैनिक वेतनभोगी की नियुक्ति के संबंध में जो जानकारी शासन द्वारा मांगी गई हैं, वह संधारित की जा रही हैं, जिसे शासन को प्रेषित किया जायेगा।

### 4 केंद्रों में 899 विद्यार्थियों ने हल किया पर्चा, 35 रहे अनुपस्थित

## राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) के तहत शासकीय, अनुदान प्राप्त या नगरीय निकाय के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली पात्र विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष रुपये 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विद्यार्थी को छात्रवृत्ति के लिये आयोजित होने वाली चयन परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है।इसी तारतम में राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा (एनएमएमएसएस) वर्ष 2025-26 के लिए लांजी में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के दौरान कुल 934 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 899 विद्यार्थी उपस्थित हुए और 35 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा 4 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय लांजी और सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल लांजी शामिल हैं। जानकारी अनुसार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 335 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें 314 विद्यार्थी उपस्थित हुए एवं 21 अनुपस्थित रहे तथा यहां पर आबसर्वर रामेश्वर घोरमारे प्राचार्य मनेरी रहे। इसी तरह शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 292 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें 279 विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं 13 अनुपस्थित रहे, यहां पर आबसर्वर के रूप में एसएस धारने प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटी मौजूद थे। तथा शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय लांजी 100 विद्यार्थी पंजीकृत थे यहां पर विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही कोई भी विद्यार्थी अनुपस्थित नहीं था। एवं आबसर्वर आर.के. घोरमारे प्राचार्य कांरजा थे। वहीं नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल लांजी 207 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 206 विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं मात्र विद्यार्थी 1 अनुपस्थित था तथा आबसर्वर के रूप में लिलाराम धनोले प्राचार्य सावरीखुर्द मौजूद थे। परीक्षा के दौरान लांजी के चारो केंद्रों में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई एवं संपूर्ण परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है की एनएमएमएस छात्रवृत्ति 2025-26 मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाती है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष एनएमएमएस छात्रवृत्तियों प्रदान की जाती है। एनएमएमएस परीक्षाएं राज्य स्तर पर आफ लाईन प्रारूप में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाती है। एनएमएमएस छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए छात्रों को न्यूनतम आवश्यक अंकों के साथ 8 वीं उत्तीर्ण करनी होगी। परीक्षा में दो खण्ड होते है सैट एवं मैट। इनमें से प्रत्येक प्रश्न को पूरा करने में 90 मिनट लगते है एवं प्रत्येक प्रश्न पत्र 90 अंकों का होता है। एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12000 रूपये की एनएमएमएस छात्रवृत्ति राशि मिलेगी।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस व दीपावली के अवसर पर समाजसेवियों ने बच्चों को निशुल्क विद्यार्थी परिचय पत्र बांटे



**किरनापुर।** अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं दीपावली के पवन अवसर पर दिनांक 11अक्टूबर2025 को शाला विकाश समिति एवं ग्राम के समाजसेवी श्री राजेश राहंगडाले जी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला परसाटोला के कक्षा 1से 5 तक के समस्त बच्चों को निःशुल्क विद्यार्थी परिचय पत्र का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष कपूरचंद देशमुख जी सदस्य महेश गढ़पेले जी, समस्त सदस्य तथा विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रेमलता कटरे मैडम उपस्थित रही। उपस्थित गणमान्यों ने बच्चों को शुभाशीष प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### विधायक दिनेश राय और संतोष अग्रवाल ने किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत दिवस, सोलन, हिमाचल प्रदेश में आयोजित इंडिया जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने कौशल और मेहनत से पदक अर्जित किए। अनुप्रिया कौरव ने 2 स्वर्ण पदक (लाइट कॉन्टेक्ट व किक लाइट), अथर्व कौरव ने 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक, और ऐश्वर्या अवधवाल ने 2 कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया।
सम्मान समारोह में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने खिलाड़ियों को बुके देकर सम्मानित किया और उन्हें मुंह मीठा कराया। विधायक ने कहा भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल जी ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और रामनामांकित अंगवस्त्र ओढ़ाकर उन्हें स्नेहपूर्वक आशीर्वचन दिए। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति पीजी कॉलेज के अध्यक्ष एवं जिला किकबॉक्सिंग संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय बाबा पांडे जी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और मुख्य प्रशिक्षक सेंसई निकेश पद्माकर के साथ उनकी सराहना की।
वरिष्ठ प्रशिक्षक योगेश नाविक और अभिभावक नितेश अवधवाल भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नगर अध्यक्ष, सिवनी श्री युवराज सिंह राहंगडाले जी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कोच सेंसई निकेश पद्माकर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। सभी उपस्थित लोगों ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें भविष्य में और ऊँचाइयाँ छूने के लिए प्रोत्साहित किया।

# दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिलेभर में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई, जुर्माना अधिरोपित

आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन सिवनी द्वारा दीपावली एवं आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के विभिन्न नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु नमूने लिए जा रहे हैं और खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता बनाए रखने तथा मानक गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री के निर्माण एवं विक्रय के निर्देश दिए जा रहे हैं।
दिनांक 07 अक्टूबर 2025 को घंसौर स्थित मान्या ट्रेडर्स से महाकोष रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, तथा विनोद कुमार अनिल कुमार जैन से रोस्टेड चना का नमूना लिया गया।
दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को धनोरा स्थित अरिहंत ट्रेडर्स से संगम एवं सुपर गोल्ड सोयाबीन तेल,



कहानी स्थित राज ट्रेडर्स से सुपर गोल्ड गुजरात ब्रांड सोयाबीन तेल, केवलारी स्थित मोदी किराना स्टोर्स से नमकीन मिक्स एवं गरम मसाला, सीताराम किराना स्टोर्स से सोयाबीन तेल एवं बेसन, तथा तिवारी किराना स्टोर्स से नमकीन, सत्तू एवं डाल्डा के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए। दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को छपारा स्थित साहू किराना से भगर एवं बेसन, आर.एस. ट्रेडर्स से बेसन एवं सोंठ पाउडर, प्रमोद किराना से हल्दी पाउडर एवं धनिया पाउडर, तथा गुरुकृपा किराना स्टोर से मैदा एवं बेसन के नमूने लिए गए। इसी दिन सिवनी स्थित श्री कृष्णा डेरी, बारापत्थर से दूध, मावा एवं पेड़ा-बर्फी तथा चिराग एंटरप्राइजेज, ड्रीमलैंड से गरम मसाला का नमूना लिया गया। दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को किशोरी यादव से गाय-भैंस का मिश्रित दूध, दामोदर यादव से मावा, लखनादौन स्थित अमृत दूध डेरी से गाय-भैंस का मिश्रित दूध, बरघाट स्थित जैन किराना स्टोर्स से सूजी एवं मैदा, शिव किराना से अंबर कैंडी एवं सोयाबीन तेल, जय अंबे किराना स्टोर्स से गरम मसाला एवं बेसन, तथा एस. कुमार किराना स्टोर्स से घी एवं उड़द दाल के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में भंडारण व्यवस्था एवं साफ-सफाई में कमियां पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

### विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर अधिरोपित जुर्माना

त्योहारी सीजन के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर न्याय निर्णयन अधिकारी (अपर कलेक्टर कार्यालय) द्वारा जुर्माना अधिरोपित किया गया है, जिसमें जगदंबा राइस मिल, संचालक जानकी प्रसाद रांगडाले को बिना वैध लाइसेंस के कारोबार करने पर 35,000 रुपये, विशाल कुशवाहा चाट सेंटर, बुधवारी बाजार को अस्वच्छ परिस्थितियों में एवं बिना पंजीयन के खाद्य सामग्री निर्माण/विक्रय करने पर 45,000, संजू देवासी, जोधपुर मिष्ठान भंडार, धनोरा को मिथ्या छाप खाद्य सामग्री विक्रय करने पर 25,000, और गया प्रसाद यादव, महक डेरी फार्म को बिना वैध पंजीयन के प्रतिष्ठान संचालित करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना शामिल है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान दीपावली एवं आगामी त्यौहारों तक सतत रूप से जारी रहेगा। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, खाद्य सामग्री का भंडारण मानक अनुसार करें और गुणवत्ता युक्त एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का निर्माण तथा विक्रय सुनिश्चित करें।

## ट्रेन की चपेट में आने से 28 वर्षीय युवक की मौत

**सिवनी।** जिले के घंसौर में एक युवक (28) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात रेलवे स्टेशन जाते समय हुई। मृतक की पहचान घंसौर तालाब मोहल्ला निवासी मनीष यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मनीष यादव (पिता बाबूलाल यादव) लोपा ग्राम जाने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान वह पटरियों के पास ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मनीष खेती किसानी का काम करता था।

### पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।कुछ महीने पहले भी इसी क्षेत्र में रील बनाते समय एक युवक की मौत हुई थी। प्रशासन ने लोगों से ट्रेन की पटरियों के समीप सावधानी बरतने की अपील की थी, लेकिन लापरवाही के कारण ऐसी दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं।

## एसपी सुनील मेहता ने रातों-रात बदल डाले कई थानों के प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने रविवार को पुलिस विभाग में निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादलों की एक नई सूची जारी की है।
इन तबादलों को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और यह अगले आदेश तक अस्थायी रूप से प्रभावी रहेंगे।
नए आदेश के अनुसार कई अनुभवी निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को जिले के विभिन्न थानों में नई जिम्मेदारी दी गई है।
यह कदम प्रशासनिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है क्योंकि लंबे समय से कुछ थानों में एक ही अधिकारी पदस्थ थे। निरीक्षक खेमेंद्र जैतवार- पहले थाना प्रभारी छपारा के पद पर तैनात थे, अब उन्हें थाना प्रभारी घंसौर की कमान सौंपी गई है। निरीक्षक प्रीतम सिंह तिलागाम - रक्षित केन्द्र सिवनी से स्थानांतरित होकर अब थाना प्रभारी छपारा के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। निरीक्षक चैनसिंह उईके - रक्षित केन्द्र सिवनी से ट्रांसफर होकर अब वे थाना प्रभारी लखनवाड़ा के पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।
निरीक्षक लक्ष्मण सिंह झारिया - पहले थाना प्रभारी घंसौर थे, अब उन्हें प्रभारी डीएसबी (जिला विशेष शाखा) सिवनी की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक मनोज जंघेला - थाना डूंडासिवनी से स्थानांतरित होकर अब थाना प्रभारी बंडोल नियुक्त किए गए हैं।

## वॉटर सप्लाई कर्मचारी की करंट लगने से हुई मौत

**सिवनी/आदेगांवः** सोहागपुर गांव में वॉटर सप्लाई कर्मचारी पन्ना राय पिता गिरवर राय की करंट लगने से हुई मौत के बाद मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के खिलाफ आक्रोश उफान पर है। स्थानीय लोग अब सिर्फ आदेगांव सब-स्टेशन के जूनियर इंजीनियर पर नहीं, बल्कि लखनादौन डिविजनल ऑफिस में बैठे उचाधिकारियों को भी सीधे तौर पर दोषी मान रहे हैं। ग्रामीणों का कठोर आरोप है कि डिविजनल ऑफिस में बैठे कार्यपालन यंत्री ने आँखें मूँद रखी थीं। उनकी जानलेवा निष्क्रियता ने छ्श्व को लापरवाह होने का मौका दिया।
मेंटेनेंस आदेश के दिन हुई यह दुर्घटना दर्शाती है
शून्य निगरानीः डिविजनल ऑफिस ने लॉक-आउट, टैग-आउट जैसे अत्यावश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए कभी नियमित निरीक्षण नहीं किया।
प्रशिक्षण की उपेक्षा सुरक्षा और उच-जोखिम वाले क्षेत्रों से संबंधित सख्त निर्देश जारी करने की डिवीजनल जिम्मेदारी पूरी तरह से नजरअंदाज की गई।
समन्वय ध्वस्त डिविजनल स्तर पर शटडाउन आदेश और ग्राउंड लेवल पर उसके क्रियान्वयन के बीच समन्वय पूरी तरह चरमरा गया था।



ग्रामीणों ने मांग की है कि कार्यपालन यंत्री समेत डिवीजनल ऑफिस के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए। यह हादसा लखनादौन विद्युत डिवीजन में जवाबदेही के गंभीर अभाव को उजागर करता है और न्याय की मांग अब आर-पार की लड़ाई में बदल चुकी है।

## स्वर्ण जयन्ती महोत्सव 24-25 अक्टूबर को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**सरस्वती शिशु उ. मा. विद्यालय भैरोगंज सिवनी (म.प्र.)कि संस्था सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्व कर रही है। 1975 में स्थापित शिक्षा के क्षेत्र में भारतीयता स्वदेश प्रेग, अनुशासन, स्वालम्बन, संस्कार कालियेपनी पहचान बनाने वाली यह संस्था अपने स्थापना काल से ही नगर के जाणन्द्र रही है। अपनी विशिष्ट शिक्षा पद्धति के कारण मात्र 75 वाहिनी की संख्या से प्रारम्भविद्यालय वर्तमान में 1800 भैया बहिनी को शिक्षा प्रदान कर रहा है की अपनी दी गरिवशाली यात्रा के दौरान विद्यालय ने अनेक श्रेष्ठ मानदण्डों की स्थापना विमिन्त्री में की है। शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक आयोजन आदि अनेक क्षेत्रों में गौरवशाली प्रतिमान स्थापित किये है। अपनी इस स्वर्णिम यात्रा में विद्यालय से निकले हजारों पूर्व छात्र जीवन के विभिन्न क्षेत्री कसे विद्यालय में दी गई शिक्षा, संस्कार की महत्ता को प्रतिपादित कर रहे हैं। जहाँ विद्यासेकर निकले पूर्व छात्र प्रशासनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रहे है। वहीं अनेक छात्र मल्टीनेशनल कम्पनियों में सीईओ जैसे दायित्वों का भी कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रहे है। उद्?योग एवं व्यापार के क्षेत्रों में भी संस्था के पूर्व छात्रों ने सफलता के कीर्तिमान स्थापित किये है। सिवनी नंगर के लक प्रतिष्ठित विविलाक विद्यालय के पूर्व छात्र रहे है। समाज सेवा और राजनीतिक क्षेत्रों में श्री विद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपना विशिष्ट स्थान अर्जित किया है। आज विद्यालय के हजारों छात्र देश विदश में राष्ट्र सेवा के कार्य में लगे हुये है। विद्यालय अपने स्वर्ण जयन्ती समारोह में ऐसे समस्त पूर्व छात्रों को आमंत्रित कर रहा है अपने हृदय में विद्यालय के प्रति प्रेम समर्पण की भाव रखे हुये इन छात्रों के संदेश भी हमें प्राप्त हो रही हैं। वे सभी इस आयोजन में आने के लिये उत्सुक है। उल्लेखनीय है कि हमारे के पूर्व छात्र समय-समय पर विद्यालय के लिये आत्मीय भाव से न केवल सहयोग करते है बल्कि कोदीना जैसी महामारी के समय उनके



विद्यालय के आचार्य परिवार के प्रति सम्मान और प्रेम का परिचय भी हमें भरपूर प्राप्त हुआ था। विद्यालय और समिति उन पूर्व छात्रों के आतिथ्य एवं स्वागत के लिए उत्सुक है।
स्वर्ण जयन्ती महोत्सव को आयोजित करने वाली विद्यालय की संचालन समिति विवेकानंद बाल कल्याण समिति सिवनी ने इस दो दिवसीय आयोजन को भव्य बनाने का भरपूर प्रयास किया है आयोजन के प्रथम दिवस 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें विद्यालय के समस्त स्वपोषी पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है वही 25 अक्टूबर 2025 को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, शारीरिक, समता का प्रदर्शन एवं शानदार घोष वादन की प्रस्तुति विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा की जायेगी।
आयोजन में क्षेत्रीय विधायक दिनेश राय मुनमुन, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती भारती पारधी का सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है। साथ ही साथ आयोजन में मध्यप्रदेश के प्रमुख राजनेताओं एवं वरिष्ठ संघ कार्यकताओं का सानिध्य भी प्राप्त होगा। आयोजन के द्वितीय दिवस 25 अक्टूबर को विद्यालय के 50 वर्ष होने के उपलक्ष्य में स्मारिका स्वर्ण प्रभा का विमोचन भी किया जायेगा।
इसतरका में विद्यालय की 50 वर्षीय यात्रा को सुन्दर कलेवर में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया। 24 अक्टूबर को होने वाले पूर्व छात्र सम्मेलन में पूर्व छात्रओं का परिचय सम्मेलन, मूली-बिसरी यादों के साथ-साथ पूर्व छात्रों द्वारा अपनी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा। विद्यालय द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है जिसमें विद्यालय की 50 वर्ष की यात्रा को दर्शाया जायेगा। साथ ही साथ विगत 4 वर्षों में विद्यालय की संचालन समिति विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री दीपक साहू, व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी जो कि विद्याभारती महाकौशल प्रांत के प्रादेशिक सहसचिव भी है, कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी एवं जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल एवं समस्त समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों के प्रयासो से विद्यालय ने जो अप्रतिम विकास किया है उसकी झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। आज विधालय विकास के नित नए सोपान गढ़ रहा है। विद्यालय में छात्र संख्या 1800 से अधिक है 10 प्रयोगशालाएँ है जिसमें एस्ट्रोनोटिकल लैब, टिंकर लैब, इस्टीम लैब, कम्प्यूटर लैब प्रमुख है। सुविकसित शिशुवाटिका है खेल-खेल में शिक्षा की सवोत्तम व्यवस्था है। सुर्वसुज्जित सभागार, संगीत कक्ष, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था है। यह सभी वर्तमान संचालन समिति के प्रयासों का परिणाम है। विधालय सिवनी के विद्यार्थियो को कम से कम शुल्क में सर्वोत्तम शिक्षा देने के लिये प्रतिबद्ध है। इस स्वर्ण जयन्ती महोत्सव के माध्यम से हम समस्त नगर वासियों को अपने विघालय का दर्शन भी कराना चाहते है। विद्यालय संचालन समिति समस्त नगर वासियों से इस अभिनव आयोजन में उपस्थिती का विनम्र आग्रह करती है। हमारा यह स्वर्ण जयंती महोत्सव यादगार, भव्य और विद्यालय इतिहास में मील का पत्थर साबित हो इस दृष्टि से समस्त आचार्य परिवार, समिति परिवार द्वारा प्रयास किया जा रहा है हमारा यह प्रयास सफल हो इस दृष्टि से सभी का सहयोग अपेक्षित है विद्यालय की आज तक की विकास यात्रा में सवोत्तम परीक्षा परिणाम, श्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आदि समस्त गतिविधियों में विद्यालय के माननीय पूर्व एवं वर्तमान समिति सदस्यों एवं पूर्व एवं वर्तमान आचार्य परिवार का महत्वपूर्ण योगदान है। इन सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही आज विद्यालय इस गौरवशाली मंजिल तक पंहुच पाया है।

## जमुआ में ग्राम विकास का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

लखनादौन तहसील के जमुआ ग्राम में जनसहयोग से ग्राम विकास का कार्यक्रम रखा गया जिसमे मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के संभाग समन्वयक रवि वर्मन , जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला ब्लाक समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा राष्ट्रीय गौ सेवक संघ से राजकुमार जैन एवं. ग्राम पंचायत से सरपंच सचिव उपसरपंच मोबेलाइजर ग्राम विकाश प्रसफुटन समितियां नावाअंकुर संस्था और बापू गरीबदास फाउंडेशन ठुद्दश मध्यप्रदेश आंगनबाडी कार्यकत्रा सहायिका एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।
ग्राम में जनता के सहयोग से किस प्रकार विकास हो इस विषय पर चर्चा की गईं रोजगार के सृजन पर बातचीत हुई और गाय पालने के



फायदे के बारे में चर्चा की गईं नाशमुक्ति को लेकर कोनसे कदम उठाने चाहिए वो बताये।
जैसे रेहली पूर्ण रूप से नाशमुक्त ग्राम है वैसे ही ग्राम जमुआ को बनाना है । प्रान्त गौ सेवक संघ के प्रमुख राजकुमार जैन द्वारा 2 पौधे कटहल और आंवला के पौधे रोपित किये गए जिनकी सुरक्षा का जिम्मा ग्राम पंचायत व आंगनबाडी केन्द्र ने लिया साथ यह बताया की हमें रोजगार सृजन करना चाहिए ना की लोगों धनराशि देना चाहिए जैविक खेती करना चाहिए उसके महत्व के बारे में बताया और बताया की गाय का गोबर कितना उपयोगी है आज ऑनलाइन बिक रहा है ग्राम जमुआ में भ्रमण किया गया जिसमे प्रस्फुटन समिति द्वारा संस्कार केन्द्र संचालित किया जा रहा है और पुस्तकालय भी है साथ समिति द्वारा फलदार वृक्षों की नर्सरी तैयार की गईं है जिसमे नीबू चन्दन अमरुद कटहल अनार इत्यादि।
समाज सेवक हुए शामिल
इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बापू गरीबदास फाउंडेशन ठुद्दश मध्यप्रदेश के अध्यक्ष सुरेंद्र डेहरिया सचिव कमलेश धुर्वे सहसचिव मंदीप कहार रजनीश आरेवा राजकुमार इनवाती एवं अन्य सदस्य और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष गिरीश बैशले सचिव दमड़ी लाल अरेवा का विशेष योगदान रहा।

## कन्या महाविद्यालय में होगा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जाना है 1उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित इस वेबीनार में ₹विकसित भारतःविजन 2047₹विषय पर विशेषज्ञों के विचारों का आदान-प्रदान होगा 1वेबीनार में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. विकास सिंह जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय,जम्मू एवं कश्मीर एवं डॉ राजेंद्र कुमार दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली वर्चुअल उपस्थित रहेंगे 1 वेबीनार में ₹विकसित भारतः विजन 2047₹ के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न विषयों पर शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा 1 प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंग्लैं ने बताया कि वेबीनार में प्रस्तुत शोध पत्रों में से दो सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों का चयन कर प्रस्तुत कर्ता विद्वान को सम्मानित भी किया जाएगा 1 निर्धारित तिथि तक प्राप्त एवं चयनित शोध पत्रों को आईएसबीएन पुस्तक में प्रकाशित किया जाएगा 1 वेबीनार संयोजक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार भीमटे ने बताया की वेबिनार में सम्मिलित होने हेतु कई जिलों के शोधार्थियों व छात्रों द्वारा पंजीयन भी कराया गया है। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ओम प्रकाश सरवैया, पंकज शेंडे,सोहनलाल अहिरवार तथा महाविद्यालय स्टाफ की विभिन्न समितियां वेबीनार को सफल बनाने हेतु प्रयासरत है। महाविद्यालय की आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. रुचिका यदु द्वारा वेबीनार के सफल आयोजन की कामना की गई।

### कलेक्टर ने संयुक्त जांच दलों ली बैठक

## प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री पर सख्ती, मेडिकल स्टोरों की समग्र जांच एवं डोर-टू-डोर सर्वे के निर्देश

कफ सिरप जांच के लिए गठित संयुक्त दलों की समीक्षा हेतु कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की सभी तहसीलों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अब तक की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि प्रतिबंधित दवाइयों के साथ-साथ मेडिकल दुकानों की खरीद-बिक्री, स्टॉक पंजी, लाइसेंस की गहन जांच की जाए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के वैध प्रिस्क्रिप्शन के बिना किसी भी दवा की बिक्री न हो तथा लाइसेंसधारी व्यक्ति का दुकान में उपस्थित रहना अनिवार्य रहेगा।
उन्होंने संयुक्त दलों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही स्वास्थ्य




विभाग को निर्देशित किया कि एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर सर्वे कर कफ से ग्रसित बचों की जानकारी संधारित करें तथा उपचार में प्रयुक्त दवाइयों के संबंध में विवरण एकत्र करें।
कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टरों की जानकारी संकलित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।
उन्होंने कहा कि बचों की सुरक्षा सर्वोच प्राथमिकता है। संदिग्ध या प्रतिबंधित औषधियों की बिक्री एवं उपयोग किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यशाला और पोषण प्रदर्शनी का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

संचालनालय महिला एवं बाल विकास के निर्देशों के अनुपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सिवनी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 के अवसर पर नार्सिंग प्रशिक्षण संस्थान, इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी में कार्यशाला एवं पोषण व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रातः 12 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर, डॉ. निशा कैथवास, एजओडी, मेडिकल कॉलेज के अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री ईशा वाल्मिक तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की



शुरुआत जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर जानकारी देते हुए विभाग की अन्य योजनाओं की भूमिका प्रस्तुत की। इसके बाद नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बालिकाओं को शिक्षा, समानता और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए जेंडर समानता के लिए विशेष प्रयास करने की प्रेरणा दी।
कार्यशाला में किशोरी बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। शासकीय मेडिकल कॉलेज सिवनी की डॉ. निशा कैथवास ने पीपीटी के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, किशोरियों में मानसिक विकास, आत्म-सम्मान और जीवन कौशल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की। महिला एवं बाल विकास विभाग की सी.डी.पी.ओ. राजश्री मेश्राम ने पोषण माह के अंतर्गत पोषण पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया और पोषण व्यंजन प्रदर्शनी का अवलोकन कराया। प्रदर्शनी में स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों की जानकारी और उनकी उपयोगिता को प्रदर्शित किया गया, जिसे सभी उपस्थित लोगों ने आकर्षक और लाभकारी माना।
बाल कल्याण समिति के सदस्य एडवोकेट अखिलेश यादव ने पोक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय संरक्षण (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए किशोरियों एवं अभिभावकों को कानूनी सुरक्षा और अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरी बालिकाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य प्रतिभागियों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वालों को विशेष प्रिंटेड कप प्रदान किए गए।
कार्यक्रम का मंच संचालन बाल संरक्षण अधिकारी श्री विकास दुबे ने किया और आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर ने किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सिवनी के अध्यक्ष श्री मुकेश सेन, सदस्य श्री अखिलेश यादव, श्री शैलेन्द्र बिसेन, श्रीमती रुपाली टेम्भरे एवं श्री सुधीर सिंह ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री राजेश लिल्हारे, सी.डी.पी.ओ. श्री पीयूष बोपचे, श्री शंशाक शेरखर सिंह ठाकुर, श्रीमती हंसा घरडे, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री ईशा वाल्मिक, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी सहित अन्य कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।
कार्यशाला में लगभग 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, बालिकाओं के अधिकार और जेंडर समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त कर लाभान्वित हुए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी के लिए पोषण पेय और स्वास्थ्यवर्धक सवलाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## महिला की शिकायत पर केस दर्ज, टेलीग्राम से की धोखाधड़ी
# वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 26 लाख की ठगी!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एक महिला साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गई। वर्क फ्रॉम होम के नाम पर उससे 26 लाख रुपए की ठगी की गई। पुलिस ने शुक्रवार रात में शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना नगरीय क्षेत्र के वार्ड नंबर 33 की है। महिला ने सोशल मीडिया पर वर्क फ्रॉम होम जॉब का विज्ञापन देखा था और उसके बाद ठगों से संपर्क किया। शुरुआत में उसे कुछ काम दिया गया और उसके बदले में छोटी रकम का भुगतान भी किया गया, जिससे उसका विश्वास जीता जा सके।

विश्वास जीतने के बाद, साइबर ठगों ने महिला से अलग-अलग समय पर कुल 26 लाख रुपए की राशि ऐंठ ली। जब तक महिला को धोखाधड़ी का एहसास हुआ, तब तक वह अपनी बड़ी रकम गंवा चुकी थी।

पीड़ित महिला ने बताया कि उसे वॉट्सऐप पर वर्क फ्रॉम होम जॉब का मैसेज मिला था। इसमें दावा किया गया था कि पार्ट टाइम काम करके प्रतिदिन 5 से 20 हजार रुपए कमाए जा सकते हैं। इस पर विश्वास करके उसने अपनी आवश्यक जानकारी साझा की। 1 जुलाई 2025 से




टेलीग्राम पर काम शुरू हुआ।

उसे टेलीग्राम पर लिंक भेजी जाती थी और टास्क के रूप में काम दिया जाता था। कंपनी ने टेलीग्राम पर एक वर्क आईडी भी बनाई थी। महिला प्रतिदिन 20 टास्क पूरे करती थी। जैसे-जैसे समय बीतता गया, कंपनी के टास्क भी बदलते रहे और शुरुआत में उसे कुछ राशि मिलती रही।

एक समय ऐसा भी आया जब टास्क पूरा करने के लिए कंपनी ने 800 रुपए मांगे। इसके बाद उसके फोन पे नंबर पर 30 प्रतिशत कमीशन जोड़कर कुल 1040 रुपए वापस किए गए। हालांकि, वर्क फ्रॉम होम के लिए दिए गए बाद के टास्क में लगातार पैसों की मांग की जाती रही।

पहले 1 हजार, फिर 2 हजार, फिर 10 हजार और 50 हजार रुपए तक की राशि मंगवाई गई, जिसमें भारी रकम मिलने का झांसा दिया गया। 26 लाख रुपए देने के बाद भी जब उसे कुछ नहीं मिला, तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रविवार को थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## गुड शेफर्ड संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम हुआ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज बिरसा।** जनपद पंचायत बिरसा के गुड शेफर्ड संस्था गर्र टोला द्वारा 11 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 170 बालिकाओं से अधिक संख्या में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन विभाग बैहर से संध्या चौधरी, कविता नगफसे एव मोंटफोर्ट स्कूल के वाइस प्रिंसिपल रेड्डी की अध्यक्षता में किया गयाग्राम गराटोला में रैली निकालकर बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, बाल मजदूरी बंद करो, बालिका हत्या बंद करो, के नारे लगाए इसी के साथ मंच कार्यक्रम में बच्चियों के द्वारा, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया अपने उद्बोधन में वन विभाग से संध्या चौधरी ने बालिका दिवस पर जानकारी देते हुए कहा कि बालिकाओं के ऊपर अन्य अत्याचार होते जा रहा है इसके लिए हर बालिकाओं को जागरूक रहना है इसी के साथ उन्होंने साझा किया की, स्वयं की फोटो किसी को ना दे, समय समय पर चाइल्ड हेल्पलाइन-112 महिला हेल्पलाइन1098 को अवगत कराए, गुड शेफर्ड की संस्था द्वारा महिलाओं के प्रति सराहनीय कार्य को देखते हुए नारी महिला मोर्चा ने संस्था प्रभारी सिस्टर रिचल केथरिन्न का आभार व्यक्त किया हैउन्होंने समय समय पर अनेक योजनाएं चलाकर महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया है जिससे छेत्र की महिलाएं विकास की गति को निरंतर छूते हुए आत्म निर्भर है इस अवसर पर संस्था प्रभारी सिस्टर रीचल केथरिन, मानाराम तेकाम,रेवा सिंग मरकाम एवम् छेत्र की बालिकाएं, महिलाओं की उपस्थिति रही।




## गुडरूघाट में साइबर क्राइम पर जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

साइबर ठगी से बचाव करने एंव इसके प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इनायत साहित्यिक सामाजिक संस्था मिरगपुर के तत्वावधान में 12 अक्टूबर रविवार को खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुडरूघाट में साइबर क्राइम को रोकने एंव इसके झासे में आम लोग न आए जिसके लिए जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर कार्यक्रम में प्रमुख आतिथ्य के रूप में तिरोडी थाना प्रभारी कौशल कुमार सुर्या, गुडरूघाट सरपंच दिलीप बिसेन, पूर्व सेवा सहकरी समिती अध्यक्ष राजेश चौहान, उपसरपंच सेवकराम उईके, समाजसेवी नंदलाल भैरम, जप.सदस्य आलोक पाटील सहित अन्य सामाजसेवी मौजूद रहे । इस दौरान कार्यक्रम में वक्तओ के द्वारा साइबर क्राइम को रोकने एंव इस पर अंकुश लगाने के लिए आम लोगो से संवाद स्थापित किया गया एंव जन जागरूकता लायी गई साथ ही विस्तृत जानकारी देते हुए मार्गदर्शित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष शैलेश इनायत, राजकुमार रांगहडाले, शैलेश पारधी, शुभम गेडाम, मंगेश साहू सहित अन्य इनायत सामाजिक संस्था के पदाधिकारी एंव आमजन मौजूद रहे।




## जिलाध्यक्ष कुशवाहा पर एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के लालबर्रा क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनी के लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर विवाद बढ़ गया है। इस मामले में अब राजनीतिक विरोध भी तेज हो गया है। रविवार शाम को पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष कुशवाहा पर एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष मनीष कुशवाहा ने जूनियर इंजीनियर सरफराज कुरैशी पर उनके खिलाफ 'झूठी शिकायत' दर्ज कराने का आरोप लगाया है। यह एफआईआर स्मार्ट मीटर फोड़ने के आरोप में दर्ज की गई है।

कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि यह कार्रवाई वापस नहीं ली गई, तो वे 'लालबर्रा बंद' जैसा आंदोलन करेंगे। कांग्रेसियों का कहना है कि मनीष कुशवाहा के खिलाफ की गई शिकायत को शीघ्र निरस्त किया जाना चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार ने बताया कि स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस संगठन की आपत्ति जनहित में है। उन्होंने कहा कि लोग बिना सहमति घरों में प्रवेश और सुरक्षा के खतरों से नाराज हैं। सरस्वार ने



प्रशासन पर ठेकेदारों के दबाव में अन्यायपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप भी लगाया। इसी क्रम में, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ थाना पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम पर चर्चा की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। हालांकि, इस दौरान कई क्षेत्रीय कांग्रेसी इस घटनाक्रम से दूर रहे।

इस दौरान कांग्रेस के अनूपसिंह बैस, लालबर्रा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ढांडे, जनपद के नेता प्रतिपक्ष देवेश विक्की गौतम सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

दुकानदारों ने भी विद्युत विभाग पर बिना सहमति मीटर लगाने के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत दी है और कार्रवाई की मांग की है।

## कंजई मे क्षत्रीय पवार समाज ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

शनिवार को श्रीं राजा भोज क्षत्रिय पवार संगठन ग्राम समिति कंज्ई के तत्वाधान में शरद महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया l समिति के अध्यक्ष लोकेश बिसेन ने बताया कि कार्यक्रम माँ गढकाली ,श्री रामचंद्र भगवान ,राजा भोज की प्रतिमा पूजा अर्चना कर पधारे स्वजातीय बंधुओं का समिति के सदस्यों द्वारा फ़ूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया गया l कार्यक्रम में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं,बालकृष्ण बिसेन, सुदर्शन बिसेन, भागवत राहागडाले , शिवलाल तुरंकर ,धनलाल शरणागत, भूपेस्वर बिसेन, राजू गौतम, सोहन राहगडाले ,कपूर चद प टले ,सारजा बाई पटले ,श्रीमती हूलकन बिसेन अनेक स्वजातीय बंधुओं उपस्थित थे।

## उप संचालक कृषि ने ग्राम ढूटी में प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत बालाघाट विकासखंड के ग्राम ढूटी को क्लस्टर ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। इस ग्राम में कृषि सखी दीदी द्वारा अपने खेतों में जैविक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग कर प्राकृतिक खेती की गई है और धान की फसल लगाई गई है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने 12 अक्टूबर को ग्राम ढूटी पहुंचकर धान की प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा की । इस दौरान कृषि सखी दीदी ने बताया कि उनके द्वारा धान की फसल में यूरिया, डीएपी एवं अन्य रासायनिक खाद खाद का उपयोग नहीं किया गया है। उसके स्थान पर गोबर एवं अन्य प्राकृतिक खाद का उपयोग किया गया है। जिससे उनके खेत की धान की फसल बहुत अच्छी है और उसमें कीट व्याधि और बीमारी आदि का प्रकोप नहीं है। कृषि सखी दीदी के खेत में लगी फसल से गांव के अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती करने की प्रेरणा मिली है।

## बालाघाट के डिप्टी रेंजर और वनरक्षक की सेवा समाप्ति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बाघ की संदिग्ध मौत और उसके शव को प्रोटोकॉल के खिलाफ जलाए जाने के हाई-प्रोफाइल मामले में शनिवा को कार्रवाई हुई है। पिछले दो महीने से फरार चल रहे डिप्टी रेंजर टिकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

हालांकि, मामले की जांच कर रही स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) अभी तक इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

यह घटना 2 अगस्त को सोनेवानी अभ्यारण्य क्षेत्र में सामने आई थी, जब एक बाघ मृत पाया गया था और उसके शव को नियमों का पालन किए बिना जल्दबाजी में जला दिया गया था। घटना के बाद वन विभाग ने 6 सुरक्षा श्रमिकों को गिरफ्तार किया था।



दक्षिण सामान्य वनमंडल के वनमंडलाधिकारी अधर गुप्ता ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा के नियमों के तहत डिप्टी रेंजर टिकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे को सेवा से पृथक करने का आदेश जारी कर दिया है।

वन अपराधों के गंभीर मामलों को सुलझाने वाली एसटीएसएफ ने दो महीने बाद भी इन दोनों प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इससे इनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। न्यायालय ने भी फरार वनकर्मियों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया है।

इस मामले में न्यायिक हिरासत में बंद 6 सुरक्षा श्रमिकों की संलिप्तता की जांच पूरी कर एसटीएसएफ ने वारासिवनी न्यायालय में परिवाद पेश कर दिया है।

एसटीएसएफ ने फरार डिप्टी रेंजर टिकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। लोगों से अपील की गई है कि आरोपियों से संबंधित कोई भी जानकारी मोबाइल नंबर 7067898223 और 9399185452 पर शेयर करें।

## लॉ स्टूडेंट पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के एक लॉ छात्र संतोष मोहारे पर साढ़े चार लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। छात्रों की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोपी संतोष मोहारे ने न केवल जूनियर छात्रों से फीस जमा करने के नाम पर पैसे लिए, बल्कि विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों और गर्रा स्थित अपने पड़ोसियों से भी लाखों रुपए की ठगी की। अनुमान है कि यह धोखाधड़ी लगभग 6 लाख रुपए की है।

पीड़ित मीनल मड़ावी ने बताया कि उन्हें संतोष पर भरोसा था, क्योंकि वह पहले भी उनकी फीस जमा कर रसीद दे चुका था। संतोष लॉ में सीनियर होने के कारण और



फैकल्टी के विश्वासपात्र होने के कारण जून में लगभग 20 लॉ छात्रों, 2 फार्मेसी छात्रों और एक कॉमर्स छात्र ने उसे अपनी फीस जमा करने के लिए अलग-अलग राशियां दी थीं। उसने फैकल्टी से जरूरत बताकर और पड़ोसियों से नेट कैफे के विस्तार के नाम पर पैसे लिए थे।

महाराष्ट्र के आमगांव निवासी संतोष मोहारे अपनी पत्नी के साथ डोंगरिया स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय में लॉ की पढ़ाई कर रहा था और कोतवाली क्षेत्र के गर्रा में रहता था, जहां वह एक नेट कैफे चलाता था। उसने न तो फीस जमा की और न ही उधार ली गई राशि लौटाई। जब पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे, तो वह 1 अक्टूबर को गर्रा में अपना नेट कैफे बंद कर फरार हो गया। पीड़ितों ने उसके परिजनों से संपर्क किया, लेकिन कोई सकारात्मक सहयोग नहीं मिलने पर उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि आरोपी संतोष मोहारे के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### 27 प्रतिभागियों का चयन, 8 नवंबर को जबलपुर में स्टेट प्रतियोगिता में होंगे शामिल
## जिलास्तरीय साईक्लिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

साइक्लिग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार, रविवार 12 अक्टूबर को जिला साइक्लिंग एशोसिएशन ने 30 वीं सब जूनियर, सीनियर और एलिट आयु वर्ग में जिला स्तरीय साइक्लिग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

जिसमें 14, 16 और 18 आयु वर्ग के प्रतिभागियों के साथ ही 23 वर्ष से ऊपर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तकरीबन 20 किलोमीटर की इस साइक्लिंग प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया हैं। जो आगामी 8 नवंबर को जबलपुर में मध्यप्रदेश साइक्लिंग फेडरेशन की आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

जिला साइक्लिंग संघ के सचिव मनोज उपवंशी ने बताया कि बालाघाट-गोंदिया फोरलेन पर भमोड़ी से रेंगाटोला तक एक और दो लेप प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसका समापन शाम 4 बजे किया गया।

जिला साइक्लिग संघ के आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक मधु भगत ने खिलाड़ियों को पुरस्कार और ट्राफी से सम्मानित किया। यहां उन्होंने, जिले से साइक्लिंग में सबसे ज्यादा खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए यहां, खिलाड़ियों के लिए वेलोड्रम नहीं होने पर चिंता जाहिर की। उन्होंने संघ और खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि जिला सबसे ज्यादा राष्ट्रीय खेल में जाने वाले खिलाड़ी दे रहा है, बावजूद जिले में इस खेल की उपेक्षा की जा रही। वह स्वयं, खेल मंत्री विश्वास सारंग से, प्रतिनिधि मंडल के साथ अच्छी साइकिल और नया साइक्लिग वेलोड्रम बनवाने के लिए मिलेंगे। ताकि सबसे ज्यादा खिलाड़ी



देने वाले, इस जिले के खिलाड़ियों को इस खेल की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, समाजसेवी विकास हजारी, रिकाब मिश्रा, टिकाराम लिल्हारे, कोच मोनिका बनोटे सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य और प्रतिभागी मौजूद थे।

इनका किया गया चयन

14 वर्ष बालिका वर्ग में नव्या कलिहारे, नव्या पारधी, स्वाती लिल्हारे, अश्वी लिल्हारे, बालक वर्ग में रूद्र नगपुरे, आकाश भगत, सालोम नाथ, 16 वर्ष बालिका वर्ग में गौरा उइके, साहिना बाक्टे, वंदना, राशी, बालक वर्ग में कीर्ति सहारे, प्रफुल्ल पांचे, मोहित पांचे, सौरभ रनगिरे, प्रफुल्ल बिसेन, 18 वर्ष बालिका वर्ग में मोहिनी लिल्हारे, तानेश्वरी माहुले, इमांशी मर्सकोले, मिनाक्षी मानेश्वर, बालक वर्ग में निखिल राणा, सुमित मानेश्वर, राजकुमार राहंगडाले, राहुल पिछोड़े तथा 23 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में भूपेन्द्र, जय ठाकरे, विशाल पटले, आशीष रनगिरे और नमन का चयन किया गया है।

### खाद्य सामग्री के 32 नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गये
## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बालाघाट, भरवेली, भानेगांव एवं लांजी में की छापामार कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आमजन को मिलावट रहित, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच कर खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 10 एवं 11 अक्टूबर को बालाघाट, भरवेली, भानेगांव एवं लांजी में छापामार कार्यवाही कर विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के 32 नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भोपाल भेजे हैं। इसके साथ ही 05 प्रतिष्ठानों के संचालकों को साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए नोटिस जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे, श्री वाजिद मोहिब एवं श्रीमती गीता टांडेकर की टीम ने 10 एवं 11 अक्टूबर को भरवेली स्थित महाजन होटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान महाजन होटल से दूध, पेड़ा, मावा, मगज के लड्डू का नमूना लिया गया । होटल में स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर होटल में साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए नोटिस दिया गया । इसी प्रकार महाराजा होटल भरवेली से मगज के लड्डू, कलाकंद एवं पेड़ा के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे गए। महाराजा होटल भरवेली के संचालक को भी स्वच्छता संबंधी नोटिस जारी किया गया । बालाघाट के आनंद भंडार मिष्ठान की शिकायत प्राप्त होने पर वहां से पनीर, चॉकलेट, बर्फी एवं पेड़ा के नमूने जांच एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के



लिए भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने भानेगांव स्थित अंबिका ट्रेडर्स से ड्राई फ्रूट बादाम, आयोडाइज्ड नमक, गुलाब जामुन मिक्स के नमूने जांच एकत्र किये हैं और लांजी स्थित जयकारा होटल को स्वच्छता के लिए नोटिस जारी किया गया है तथा यहां से चॉकलेट, बर्फी, पेड़ा, मलाई पेड़ा के नमूने एकत्र किये गये । लांजी बस स्टैंड स्थित कृष्णा बीकानेर होटल की जांच के दौरान मिल्क केक, मैसूर पाक एवं चमचम के नमूने जांच के लिए एकत्र किये गये। नैवेद्यम स्वीट्स की जांच के बाद उसके संचालक को स्वच्छता के लिए सूचना नोटिस दिया गया है और वहां से गुलाब जामुन, खोवा, पेड़ा तथा नमकीन के नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए एकत्र किये गए हैं । बस स्टैंड लांजी स्थित शिवराज होटल से कुकिंग ऑयल, मैसूर पाक के नमूने जांच के लिए एकत्र किये गए । लक्ष्मी बीकानेर होटल लांजी की जांच की गई तथा शीतल उपहार ग्रह से काजू कतली, मिल्क केक, खोवा बर्फी के नमूने लिए गए एवं उन्हें भी सुधार सूचना नोटिस दिया गया । शर्मा स्वीट्स लांजी से पनीर एवं कलाकंद के नमूने जांच के लिए एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं ।

## जिले की 03 लाख 47 हजार 746 लाडली बहनों के खाते में पहुंची 41.96 करोड़ रुपये की राशि

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 12 अक्टूबर को श्योपुर में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना की 01 करोड़ 26 लाख 86 हजार हितग्राही बहनों के खातों में अक्टूबर माह की 1541 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। लाड़ली बहना योजना की 29 वीं किश्त वितरण के इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रसारण दिखाया गया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील खैरलांजी जिला बालाघाट(म.प्र.)**

//ईस्तहार//

रा.प्र.क्र. 0021/अ-154/2024-25
मौजा - कटोरी तह. खैरलांजी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कटोरी प.ह.न. 31 तह. खैरलांजी जिला बालाघाट वालो को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हितेन्द्र तिरपुड़े पिता दाजीबा तिरपुड़े जाति महार निवासी कटोरी तह.खैरलांजी जिला बालाघाट द्वारा इस न्यायालय में अपने दादा तुलाराम पिता नामा जाति महार का मृत्यु दिनांक 15.05.1987 पंजीयन किये जाने बाबद आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 16.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अविचारणीय होगी।

जारी दिनांक 09.10.2025

**सक्षम प्राधिकारी एवं तहसीलदार खैरलांजी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तहसील परसवाडा जिला बालाघाट**

//ईश्तहार//

रा.प्र.क. 0015/अ-154/वर्ष 2025-26
मौजा लगमा प.ह.नं. 47

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम लगमा तहसील परसवाडा को सूचित किया जाता है कि आवेदक धीरजलाल पिता हरेसिंह जाति गोवारा निवासी ग्राम लगमा तहसील परसवाडा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र मे उल्लेख कर बताया है कि अपने पिता हरेसिंह पिता नोखेलाल की मृत्युतिथि 25.12.1999 को ग्राम लगमा में मत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति की इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 22/10/2025 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनाँक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनांक 29/08/2025